न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट जसपुर, जिला ऊधम सिंह नगर।

प्रकीर्ण फौजदारी वाद सं0–188/2022

श्रीमती यासमीन बनाम इमरान आदि

**<u>दिनांक 10.01.2025</u>**

पत्रावली पेश हुई। पुकार पर व्यथिता मय विद्वान अधिवक्ता श्री सरफिरोज न्यायालय के समक्ष उपस्थित है। विपक्षी सं0 1 व 3 न्यायालय के समक्ष उपस्थित हैं। अन्य विपक्षीगण की ओर से विद्वान अधिवक्ता श्री परवेज आलम न्यायालय के समक्ष उपस्थित हैं। विपक्षीगण की ओर से हाजिरी माफी प्रार्थनापत्र पेश किया गया। हाजिरी माफी प्रार्थनापत्र न्यायहित में कवल आज के लिए स्वीकार किया जाता है।

**2.** प्रार्थिनी की ओर से प्रार्थनापत्र इस आशय के अभिवाक् के साथ न्यायालय के समक्ष योजित किया गया है कि प्रार्थिनी द्वारा न्यायालय के समक्ष दावा प्रस्तुत करने के कुछ माह उपरान्त प्रार्थिनी ने अपनी पुत्री अनाईजा रंगरेज को जन्म दिया, जिसका आधार कार्ड व जन्म प्रमाणपत्र उक्त प्रार्थनापत्र के साथ संलग्न है। प्रार्थिनी के दावे में प्रार्थिनी की पुत्री अनाईजा रंगरेज को शामिल किया जाना आवश्यक है। अतः प्रार्थना की कि प्रार्थिनी को दावे में संशोधन करने एवं प्रार्थिनी की पुत्री को पक्षकार बनाये जाने के आदेश पारित किये जाएं।

**3.** विपक्षीगण द्वारा प्रार्थिनी के उपरोक्त प्रार्थनापत्र पर विपक्षीगण को कोई आपत्ति न होने का पृष्ठांकन किया गया।

**4.** सुना एवं पत्रावली का अवलोकन किया। पत्रावली के अवलोकन से यह विदित है कि प्रार्थिनी द्वारा हस्तगत वाद विपक्षीगण के विरूद्ध धारा–12 घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम के अन्तर्गत योजित किया गया है। प्रार्थिनी द्वारा हस्तगत प्रार्थनापत्र प्रस्तुत कर प्रार्थिनी द्वारा न्यायालय के समक्ष दावा प्रस्तुत करने के कुछ माह उपरान्त अपनी पुत्री अनाईजा रंगरेज को जन्म दिये जाने एवं प्रार्थिनी को दावे में संशोधन करने तथा प्रार्थिनी की पुत्री को पक्षकार बनाये जाने के आदेश पारित किये जाने की प्रार्थना की गयी है। विपक्षीगण की ओर से हस्तगत प्रार्थनापत्र के विरूद्ध कोई आपत्ति न होने का कथन किया गया है। ऐसे में प्रार्थिनी की ओर से प्रस्तुत प्रार्थनापत्र स्वीकार किया जाता है। प्रार्थिनी वांछित संशोधन अविलंब करना सुनिश्चित करे।

**5.** पत्रावली प्रार्थनापत्र अन्तर्गत धारा–23 घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम पर सुनवाई हेतु दिनांक 21.02.2025 को पेश हो।

MANOJ SINGH RANA

Digitally signed by MANOJ SINGH RANA
Date: 2025.01.10 16:39:44 +0530

(मनोज सिंह राणा)
न्यायिक मजिस्ट्रेट, जसपुर
जिला उधम सिंह नगर।